>

Title: Need for gauge conversion of Akola – Khandwa railway line in Central Railways.

श्री संजय धोत्रे (अकोला) : महोदय, मध्य रेलवे के अकोला-खंडवा रेल लाइन के गेज परिवर्तन कराने की मांग बहुत दिनों से हम करते आए हैं। यह रेल लाइन पचास वर्ष पुरानी है, जो काचीगुडा-अजमेर के बीच चलाई जाती थी। काचीगुडा से पूर्णा तक का गेज परिवर्तन का काम पूरा हो चुका है, जबकि आगे अकोला तक का काम फरवरी 2008 तक पूरा होने की उम्मीद है। इससे आगे अकोला-खंडवा स्टेशन तक का काम जल्दी से जल्द पूरा करने की बहुत जरूरत है। इस महत्वपूर्ण योजना से दक्षिण तथा उत्तर भारत को नजदीक लाया जा सकेगा और इससे तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों का काफी हद तक विकास होगा।

मेरा माननीय रेल मंत्री से अनुरोध है कि वह कृपया इस महत्वपूर्ण गेज परिवर्तन के काम को शीघ्रातिशीघ्र पूरा कराने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।